पट्ठों को पछाड़ कर उसने शेर के बच्चे की टाइटिल प्राप्त कर ली थी।

क) पाठ का नाम बताइए।

ख) लेखक का नाम बताइए।

ग) 'शेर के बच्चे' का असली नाम क्या था ?

घ) 'शेर के बच्चे' की टाइट्ल चाँद सिंह ने कैसे प्राप्त कर ली थी ?

अथवा

बाजार में एक जादू है। वह जादू आँख की राह का काम करता है। वह रूप का जादू है जैसे चुम्बक का जादू लोहे पर ही चलता है, वैसे ही इस जादू की भी मर्यादा है। जेब भरी हो और मन खाली हो, तो भी जादू चल जाएगा। मन खाली है तो बाजार की अनेकानेक चीजों का निमंत्रण उस तक पहुंच जाएगा। कहीं उस वक्त जेब भरी हो, तब तो फिर वह मन किसकी मानने वाला है। मालूम होता है यह भी लूँ, वह भी लूँ। सभी सामान जरूरी और आराम को बढ़ाने वाला मालूम होता है।

क) पाठ का नाम बताइए।

ख) लेखक का नाम बताइए।

ग) बाजार का जादू 'आँख की राह' किस प्रकार काम करता है ?

घ) 'बाजार का जादू' अपना असर किन स्थितियों में अधिक प्रभावित करता है और क्यों ?

11. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (3+3+3+3=12)

क) महामारी फैलने के बाद गाँव में सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्य में क्या अंतर होता था ?

ख) द्विवेदी जी ने शिरीष को कालजयी अवधूत (सन्यासी) क्यों माना है ?

ग) भक्तिन द्वारा शास्त्र के प्रश्नों को सुविधा से सुलझाने का क्या उदाहरण लेखिका ने दिया है ?

घ) जीजी ने इन्दर सेना पर पानी फेंके जाने को किस तरह सही ठहराया ?

ङ) नमक की पुड़ियाँ ले जाने के संबंध में साफिया के मन में क्या द्वंद्व था ?



# ABM COLLEGE, JAMSHEDPUR

## HINDI CORE A (COMMERCE)

## XII INTERMEDIATE SECOND INTERNAL EXAM, 2019

**Full Marks : 100** **P ass Marks : 33** **Time : 3hrs.**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दें।**

**खण्ड – क**

1. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दे : (1X5 = 5)

हाय! मृत्यु का ऐसा अमर, अपार्थिव पूजन ?
जब विषण्ण, निर्जीव पड़ा हो जग का जीवन!
स्फटिक सौंध में हो श्रृंगार मरण का शोभण,
नग्न, क्षुधातुर, वासविहीन रहें जीवित जन ?
मानव! ऐसी भी विरक्ति क्या जीवन के प्रति ?

क) कवि ने किसकी पूजा पर दुःख प्रकट किया है ?

ख) मृत्यु का कैसा पूजन किया गया है ?

ग) स्फटिक सौंध में किसका श्रृंगार और शोभण है ?

घ) देश में लोगों की दशा कैसी थी ?

ङ) मानव को आखिर किस वस्तु से विरक्ति है ?

2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: (3X5 = 15)

यह ठीक है कि जमाना बदल गया है। आज मनुष्य का ध्यान मनुष्य की ही महिमा पर प्रतिष्ठित है। विज्ञान की बढ़ती हुई समृद्धि ने मनुष्य को इतना बौद्धिक बना दिया है कि वह ऐसी किसी बात को भी मानने को प्रस्तुत नहीं है, जो उसके बौद्धिक वितर्कों की गति रूद्ध कर दे। मनुष्य सबकुछ छोड़ने को तैयार है पर अपनी बुद्धि पर से आस्था छोड़ने को बिल्कुल प्रस्तुत नहीं। जड़ विज्ञान ने उसे नयी शक्ति दी है और मनोविज्ञान ने उसे नयी दृष्टि दी है। वह दृढ़ता के साथ विश्वास करने लगा है कि यह ईश्वर और मोक्ष का जो विधान है। वह मनुष्य के मन की ऐसी कल्पना है, जिसे उसने स्वंय को धोखा देने के लिए पोस रखा है।

क) 'मनुष्य का ध्यान मनुष्य की ही महिमा पर प्रतिष्ठित' होने का क्या अर्थ है ?

ख) 'विज्ञान की बढ़ती समृद्धि' का आशय स्पष्ट कीजिए।

ग) विज्ञान ने किस प्रकार मनुष्य को नयी शक्ति दी है ?

घ) ईश्वर और मोक्ष का विद्यान, लेखक के अनुसार मनुष्य के मन की कैसी कल्पना है ?

ङ) इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

**खण्ड – ख**

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : (10)

   क) आपके प्रिय कवि

   ख) विद्यार्थी और अनुशासन

   ग) छात्र और राजनीति

   घ) स्वतंत्रता दिवस

4. अपना मासिक शुल्क कम करने हेतु अपने प्राधानाचार्य को आवेदन पत्र लिखिए। (5)

5. जातिगत आरक्षण पर एक आलेख लिखिए। (5)

   अथवा

   अपने शहर की अनियंत्रित यातायात व्यवस्था पर एक रिपोर्ट लिखिए।

6. इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की विशेषताओं पर प्रकाश डालें। (5)

   अथवा

   महात्मा गाँधी पर एक फीचर लिखिए।

**खण्ड – ग**

7. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2X4 = 8)

   जिन्दगी में जो कुछ है, जो भी है
   सहर्ष स्वीकारा है,
   इसलिए कि जो कुछ भी मेरा है
   वह तुम्हें प्यारा है।

क) प्रस्तुत पंक्तियों के कवि का नाम लिखे।

ख) प्रस्तुत पंक्तियों के कविता का नाम लिखे।

ग) 'सहर्ष स्वीकार है' का क्या अभिप्राय है ?

घ) कवि अपनी उपलब्धियों का श्रेय किसको देता है ?

अथवा



   अगर वे कभी गिरते हैं छतों के खतरनाक किनारों से
   और बच जाते हैं तब तो
   और भी निडर होकर सुनहले सूरज के सामने आते है
   पृथ्वी और भी तेज घूमती हुई आती है
   उनके बेचैन पैरों के पास।

क) प्रस्तुत पंक्तियों के कवि का नाम लिखे।

ख) प्रस्तुत पंक्तियों के कविता का नाम लिखे।

ग) बच्चे कहाँ से गिरा करते हैं ?

घ) बच्चे गिर कर भी बच जाते है तो उनकी क्या स्थिति हो जाती है ?

8. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (3+3 = 6)

   सो अनुराग कहाँ अब भाई।
   उठहु न सुनि मम वचन विकलाई।।
   जौं जनतेऊँ बन बंधु बिछोहु
   पितु वचन मनतेऊँ नहिं ओहू

क) काव्यांश का भाव सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए।

ख) काव्यांश के शिल्प सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए।

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी दो के उत्तर दीजिए : (3+3 = 6)

क) 'उड़ने और खिलने' का कविता से क्या संबंध है ?

ख) कवि को क्यों लगता है कि 'दिन जल्दी–जल्दी ढलता है' ?

ग) 'कैमरे में बंद अपाहिज' करूणा के मुखौटे में छिपी क्रूरता की कविता है– विचार कीजिए।

10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2+2+2+2 = 8)

   'शेर के बच्चे' का असल नाम था चाँद सिंह। वह अपने गुरू पहलवान बादल सिंह के साथ, पंजाब से पहले–पहल श्यामनगर मेले में आया था। सुन्दर, जवान, अंग–प्रत्यंग से सुन्दरता टपक पड़ती थी। तीन दिनों में ही पंजाबी और पठान पहलवानों के गिरोह के अपनी जोड़ी और उम्र के सभी

12. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (3+3 = 6)

क) मुअनजो–दड़ों के नगर–निर्माण शिल्प पर प्रकाश डालिए।

ख) 'सिल्वर वैडिंग' कहानी की मूल संवेदना क्या है ?

ग) 'मैं भी कविता कर सकता हूँ' – 'जूझ' के लेखक को ऐसा क्यों लगा ?

13. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2+2 = 4)

क) यशोधर बाबू परिवार के बावजूद स्वंय को अधूरा क्यों मानते है ?

ख) ऐन फ्रैंक के परिवार के डर के कारणों का उल्लेख कीजिए।

ग) सिन्धु घाटी की सभ्यता की कला पर प्रकाश डालिए।

14. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दीजिए। (5)

क) सिंधु घाटी सभ्यता के अवशेषों के आधार साक्ष्य से कम नहीं। इस कथन की पुष्टि कीजिए।

ख) ऐन फ्रैंक ने अपनी डायरी में औरतों की स्थिति में कैसे विचारों की अभिव्यक्ति की है ?